तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025



कार्तिक पूर्णिमा पर छाया ब्रोइत बंधन उत्सव का रंग





## खबर संक्षेप

### लूट के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, भेजे गए जेल

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने सड़क किनारे लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की रकम बरामद कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। बीते 3 नवंबर को ग्राम कोगनारा निवासी दिलीप राठिया 31 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 2 नवंबर की रात करीब 8 बजे वह अपने भतीजे भानु राठिया के साथ रोजी-मजदूरी का कार्य कर बाइक से घर लौट रहा था। दर्रीडीपा खान दुकान के पास नेगीपारा निवासी देवकुमार पैंकरा और हरेन्द्र पैंकरा रास्ता रोककर खड़े हो गए। मोटरसाइकिल रुकने पर दोनों आरोपियों ने दिलीप की शर्ट के जेब से 3 हजार 200 नगद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश में दबिश दी और संदेही देवकुमार पैंकरा पिता धोबा पैंकरा 20 व हरेन्द्र पैंकरा पिता संजय पैंकरा 20 दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 12 नेगीपारा घरघोड़ा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने लूट की घटना स्वीकार की, जिनके बयान पर आरोपी देवकुमार पैंकरा से 1400 रुपए की लूट रकम बरामद की गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### गुम नाबालिग बालिका दुर्ग में मिली, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कापू पुलिस ने गुम हुई नाबालिग बालिका की पतासाजी कर उसे जिला दुर्ग से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले नाबालिग बालक को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट के तहत न्यायालय में पेश किया है। कापू की रहने वाली एक महिला ने 14 अक्टूबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताई कि उसकी नाबालिग पुत्री 10 अक्टूबर को सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली थी और वापस नहीं लौटी। परिजनों को आशंका थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना कापू में गुम इंसान दर्ज कर उसकी पतासाजी शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने बालिका के परिजनों, सहेलियों और परिचितों से पूछताछ कर निरंतर सुराग जुटाने का प्रयास किया। इसी बीच सूचना मिली कि गुमशुदा बालिका जिला दुर्ग के थाना पद्मनाभपुर क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 51 वृंदावन बोरसी में देखी गई है। पुलिस टीम दुर्ग रवाना हुई और मौके पर दबिश देकर बालिका को एक नाबालिग लड़के के साथ बरामद किया। बालिका के कथन और चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत प्रकरण में पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया। पुलिस ने नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया, वहीं बालिका को काउंसलिंग के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर 9 को

**अकलतरा।** नगर की समाज सेवी संस्था भवानी जन सेवा समिति एवं एमजीएमआई चिकित्सालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 9 नवंबर को सुबह 10 बजे से 3 तक सर्व समाज के लिए निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर का आयोजन नगर के पंचदेव मंदिर परिसर डॉ हरिकृष्ण मुकीम हॉस्पिटल में किया गया है। शिविर आयोजन समिति के सदस्य प्रकाश केडिया ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद के मरीजो की जांच अकलतरा में तथा ऑपरेशन रायपुर में किया जाएगा। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के दौरान मरीजों के लिए भोजन ,ठहरने की व्यवस्था एवं आने जाने की व्यवस्था समिति के द्वारा निशुल्क की जाएगी। शिविर में चश्मे निशुल्क प्रदान किए जाएंगे। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा।

## प्रमोशन के बाद कोई बन गया डीईओ, बीईओ तो कोई बना डीएमसी, पात्रता दरकिनार

# इंतजार की इंतहा... प्रमोशन के बाद शिक्षकों की न काउंसिलिंग ना पोस्टिंग

**अब पात्र होने के बाद ई संवर्ग के शिक्षकों को नहीं मिल सकता कोई बड़ा पद, ताकते रह गए डेढ़ हजार प्रमोटिव प्राचार्य**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी अनदेखी और मनमानी प्राचार्य पद पर प्रमोशन पाने वाले शिक्षकों को भारी पड़ने लगा है। सरकारी रवैया से अब वे हताश हो गए हैं निराश हो गए हैं। वजह अप्रैल में प्रमोशन होने के बाद न तो उनकी काउंसिलिंग हुई है और न ही पोस्टिंग। ऐसे में अब उनका धैर्य भी जवाब देने लगा है। यह हालात प्रदेश भर के उन 1524 शिक्षकों का है जो ई संवर्ग (एजुकेशन ) से ताल्लुकात रखते हैं और जिनका प्रमोशन बीते 30 अप्रैल को प्राचार्य पद पर हो चुका है। दूसरी ओर टी संवर्ग (ट्राइबल) के प्रमोशन पाने 1401 शिक्षकों ने बाजी मार ली है। उनकी काउंसिलिंग के बाद पोस्टिंग भी हो गई है और पात्रता नहीं होने के बावजूद कोई डीईओ, बीईओ तो कोई बन गया है डीएमसी। अब पात्र होने के बाद भी ई संवर्ग के शिक्षक इन पदों को प्राप्त नहीं कर सकते। वजह वक्त गुजर चुका है। ऐसे में प्राचार्य बन कर स्कूल ही संभाल सकते हैं, लेकिन वह भी कब, इसकी कोई गारंटी नहीं है। हालांकि इसमें कुछ कानूनी अड़चन होने की बात भी कही जा रही है। जो भी हो प्रमोशन के बाद इन शिक्षकों के लिए तो इंतजार की इंतहा हो गई वाली मुहावरा है। बीते 30 अप्रैल को प्रदेश भर के 2925 शिक्षकों का प्रमोशन प्राचार्य पद पर हुआ था। इसमें ई संवर्ग के 1524 और टी संवर्ग के 1401 शिक्षक शामिल हैं। टी संवर्ग के प्रमोशन पाने वाले 1401 शिक्षकों की काउंसिलिंग चार चरणों में होने के बाद पोस्टिंग भी हो चुकी है। इसमें कई शिक्षकों को किसी जिले में बतौर डीईओ, बीईओ तो किसी जिले में डीएमसी बना दिया गया है। जबकि इन पदों के लिए ये लोग पात्र हैं या नहीं इस नियम को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि जिन शिक्षकों को इन पदों पर पदस्थापना की गई है कई साल सीनियर शिक्षक उनके अंडर में काम करने मजबूर हैं। यह चिंगारी धीरे-धीरे उनके मन में भड़कने लगा है और कभी भी विस्फोट हो सकता है।

### 2017 से चल रही थी प्रक्रिया

प्रमोशन की प्रक्रिया बीते 2017 से चल रही थी, लेकिन 8 साल बाद प्रमोशन हुआ। इसमें कई तरह की अड़चनें आ गई। कुछ विसंगतियों को लेकर शिक्षक संगठनों और लोगों ने याचिका भी दायर कर दी थी। कुल मिलाकर इन शिक्षकों को समय पर पदोन्नति मिलता तो अब तक काफी कुछ लाभ मिलता, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। हालांकि वेतनमान में ज्यादा कुछ फेरबदल नहीं होने की बात भी कही जा रही है। चूंकि प्रमोशन तो नहीं मिली लेकिन सीनियरटी का लाभ मिलते रहा है।

### कई हो गए रिटायर

सबसे बड़ी बात यह है कि प्रमोशन का इंतजार कर रहे कई शिक्षकों को रिटायरमेंट के बाद प्रमोशन मिली है। साथ ही कुछ रिटायरमेंट के कगार पर भी खड़े हैं। 2017 में ही प्रमोशन हो जाता तो प्राचार्य के कुर्सी पर भी दो-चार साल गुजार लेते। रायगढ़ जिले में दोनों संवर्ग मिलाकर प्रमोशन पाने वाले शिक्षकों की संख्या डेढ़ सौ के आसपास है। वहीं लंबे समय के बाद प्रमोशन होने की वजह से एक-एक स्कूल से चार-पांच शिक्षकों का प्रमोशन लिस्ट में नाम है। ऐसे में प्रमोशन पाने वाले सभी शिक्षक चले गए तो संबंधित स्कूल की व्यवस्था ही ध्वस्त हो जाएगी।

### मंत्रालय के अधिकारी के सूने मकान से नकदी सहित लाखों के जेवरात पार

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात चोरों ने छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा वित्त विभाग में पदस्थ सहायक संचालक के घर से करीब 4 लाख 90 हजार रुपए नकद और जेवरात को पार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। ग्राम मुड़ागांव के रहने वाले सुमित साहू 28 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा वित्त विभाग, इंद्रवती भवन नया रायपुर में सहायक संचालक के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार को वे अपनी मां दुर्गावती साहू और पिता विनोद कुमार साहू के साथ इलाज के लिए नया रायपुर गए थे, उस समय घर में कोई नहीं था। रविवार की देर रात किसी अज्ञात चोर ने घर में घुसकर चोरी कर ली। सोमवार की सुबह पड़ोस में रहने वाली पुष्पा बारिक ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर के पीछे का दरवाजा टूटा हुआ है। घर पहुंचने पर सुमित साहू और उनके परिवार ने देखा कि मकान के कमरे का ताला तोड़ा गया था और कमरे में रखी आलमारी का ताला भी तोड़ दिया गया था।

## तमनार ब्लॉक के किसानों का रिकार्ड नहीं हो सका दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार ब्लॉक के तीन सौ से अधिक किसानों का रिकार्ड अभी भी जशपुर में ही दिखा रहा है। पांच सौ के आसपास किसानों का रिकार्ड दुरुस्त हो गया है। इन किसानों का एग्री स्टैक में पंजीयन होने के बाद एप्रूवल भी हो चुका है। अब तीन सौ किसानों का जब तक रिकार्ड वहां से दुरुस्त नहीं होगा तब तक पंजीयन नहीं करा सकते। यहां 38 गांवों के साढ़े आठ सौ किसानों का इसी तरह जशपुर जिले में ही रिकार्ड शो कर रहा था।

तमनार ब्लॉक के करीब 38 गांव के किसानों का रिकार्ड जशपुर जिले में नजर आ रहा था। गांव का नाम पोर्टल में डालने से जिला जशपुर दिखा रहा था। यह समस्या किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया था। चूंकि इस बार भारत सरकार के एग्री स्टैक पोर्टल में बिना पंजीयन धान बिक्री नहीं कर सकते। ऐसे में इन किसानों की समस्या बढ़ गई थी। जानकारी हुई तो राजस्व विभाग ने किसी तरह जशपुर के अधिकारियों से संपर्क किया और वहां से रायगढ़ करने कहा गया। काफी समय के बाद करीब पांच सौ किसानों का रिकार्ड सुधार हो सका है। जानकारी मिली है अभी करीब तीन सौ किसान ऐसे हैं जिनका रिकार्ड सुधार नहीं हो सका है। इनका पंजीयन भी नहीं हो सका है। हालांकि धीरे से इनका भी सुधार हो जाएगा और पंजीयन भी होगा, यह अधिकारियों का दावा है।

**खास बात**
- 38 गांवों का रिकार्ड जशपुर के अलग-अलग ब्लॉकों में नजर आ रहा था

### इन गांवों का नाम जशपुर में कर रहा था शो

तमनार ब्लॉक के जिन गांवों नाम जशपुर में प्रदर्शित हो रहा था उसमें करीब 38 गांव शामिल है। इसमें 12 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के क्षेत्रों में इस तरह की समस्या आ रही है। इसमें महलोई, देवगांव, लिबरा, झरना, बागबाड़ी, सारसमाल, समकेरा, रायपारा, गौरबहरी, अमलीढोढा, धौराभांठा, टरपंगा, आमगांव, नागरामुड़ा, जांजगीर, पाता, कोडकेल, बालजोर, डोलेसरा, रोडोपाली, उत्तररेगांव, टांगरघाट, केशरचुवां, कर्रापाली, औराजोर, तिलाईपारा, खुरुषलेंगा, बिजना, हमीरपुर, भगोरा, कुशमेल, बरकछार, चकाबहाल, पड़िगांव, जोबरो, पाली, करमागढ़ और केनानीबहाल शामिल है।


## बिलासपुर में हादसे के दूसरे दिन भी नहीं सुधरी चाल, दोनों दिशा की दर्जनों ट्रेनें रही घंटों लेट

**लंबी दूरी के यात्रियों को हुई काफी परेशानी, बुजुर्ग व बच्चे हुए ज्यादा परेशान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिलासपुर में हादसे के दूसरे दिन भी मुंबई-हावड़ा रूट पर ट्रेनों की चाल नहीं सुधरी। बुधवार को भी अप और डाउन दिशा की दर्जनों ट्रेनें घंटों लेट रहीं। जिससे लंबी दूरी के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खासकर बच्चे और बुजुर्ग काफी हलाकान और बेहाल नजर आए।

मंगलवार को गतौरा स्टेशन के लाल खदान के पास कोरबा पैसेंजर और मालगाड़ी के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में कइयों की मौत हो गई तो कई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हावड़ा-मुंबई रूट पर ट्रेनों के पहिए थम गए थे। रायगढ़ के कोतरलिया स्टेशन में साउथ बिहार तो रायगढ़ रेलवे स्टेशन में हीराकुंड व दुरंतो एक्सप्रेस को घंटों रोकना पड़ा था। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हादसे का असर इस रूट पर दूसरे दिन भी देखने को मिला। अप और डाउन दिशा की दर्जन भर से अधिक ट्रेनों अधिकतम 7 घंटा तक लेट रहीं। जिससे बुजुर्गों और बच्चों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा।



### अब तक 11 की मौत

एसईसीआर के अधिकारियों की मों तो इस दर्दनाक हादसे में मंगलवार तक 7 की मौत की पुष्टि हुई थी। बुधवार सुबह तक यह आंकड़ा 11 तक पहुंच गया है। इस हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। हालांकि रेलवे द्वारा मृत यात्रियों के परिजनों को 10-10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 5 लाख व कम घायल यात्रियों को 1 लाख रुपए देने का ऐलान किया गया है। इसके अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी दिवंगत यात्रियों के परिजनों को 5-5 लाख व घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है।

### लाइन हो चुका है क्लीयर

कोरबा-बिलासपुर रूट में चार लाइनें हैं। मंगलवार को हादसे के बाद दो लाइन को क्लीयर कर दिया गया था, जिससे उक्त लाइन पर ट्रेनों का परिचालन जारी रहा। वहीं बुधवार की सुबह 4 बजे बाकी दो लाइन को भी क्लीयर कर दिया गया था। जिससे इस दिन चारों लाइन पर ट्रेनों का आवागमन हुआ, इसके बाद भी रायगढ़-बिलासपुर रूट की ट्रेनें लेट रहीं।

बिलासपुर ट्रेन हादसे की वजह से डाउन की ट्रेनें कुछ घंटे लेट चल रही हैं, बाकी अप की ट्रेनें कुछ दिनों से देर से ही अपने गंतव्य से रवाना हो रही है। कुछ दिनों में स्थिति में सुधार आ जाएगा।

**अंबिकेश साहू**, एपीआरओ, बिलासपुर

### बुधवार को यह ट्रेनें इतने घंटे रहीं लेट

**झारसुगुड़ा-रायगढ़ (अप)-रायगढ़ पहुंचने वाली ट्रेनें**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| | दुर्ग स्पेशल फेयर सुपर फास्ट | |
| 1.30 एएम | 3.30 एएम | 2 घंटा |
| | मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस | |
| 1.40 एएम | 4.40 एएम | 3 घंटा |
| | चारलापल्ली एक्सप्रेस | |
| 2.30 एएम | 4.30 एएम | 2 घंटा |
| | हावड़ा मुंबई मेल | |
| 4.30 एएम | 9 एएम | साढ़े 4 घंटा |
| | ओखा विकली सुपर फास्ट | |
| 5.30 एएम | 12 पीएम | साढ़े 6 घंटा |
| | आजादहिंद एक्सप्रेस | |
| 6.46 एएम | 2.10 पीएम 7 घंटा | |
| | अहमदाबाद एक्सप्रेस | |
| 8.30 एएम | 2 पीएम | साढ़े 5 घंटा |
| | कलिंग उत्कल एक्सप्रेस | |
| 11.42 एएम | 2.49 पीएम | 3 घंटा |
| | नेता सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस | |
| 4 पीएम | 9 पीएम | 5 घंटा |
| | गोंदिया फेस्टिवल एक्सप्रेस | |
| 6 पीएम | 9 पीएम | 3 घंटा |

**बिलासपुर-रायगढ़ (डाउन)-रायगढ़ पहुंचने वाली ट्रेनें**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| | कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस | |
| 9 एएम | 3 पीएम | 6 घंटा |
| | टाटानगर एक्सप्रेस | |
| 11 एएम | 2 पीएम | 3 घंटा |
| | साउथ बिहार एक्सप्रेस | |
| 12 पीएम | 3.30 पीएम | साढ़े 3 घंटा |
| | आजादहिंद एक्सप्रेस | |
| 6.20 पीएम | 1.30 एएम | 7 घंटा |

## गुरु घासीदास पर अभद्र टिप्पणी करने वाले को पुलिस ने किया जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



**पुलिस विभाग ने आरोपी विजय को जिला बदर के लिए अनुशंसा की है**

बाबा गुरु घासीदास पर अभद्र टिप्पणी करना विजय राजपूत को महंगा पड़ गया है। पुराने आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए पुलिस ने उसे जिलाबदर करने की अनुशंसा की है। जिससे आरोपी की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है।

याने उसकी फाइल कलेक्टर के पास पहुंच गई है। वहां से आदेश होने के बाद उसें जिला बदर किया जा सकता है। दरअसल कोतवाली थाने में एफआईआर के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। पुराने रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि उसके ऊपर पूर्व में भी अपराध दर्ज हैं और साथ ही जमीन की अवैध रूप से खरीदी-बिक्री जैसे मामले भी सामने आए हैं। इसे देखते हुए पुलिस विभाग ने आरोपी विजय के जिला बदर के लिए अनुशंसा की है। बताया जा रहा है कि जल्द ही अनुशंसा पर कलेक्टर की मुहर लग सकती है और विजय राजपूत को रायगढ़ जिला से जिला बदर किया जा सकता है। बाबा गुरु घासीदास के लिए अपशब्द कहने के बाद सिंधी समाज ने भी विजय राजपूत के इस रवैय्ये पर नाराजगी जताई थी। समाज के लोगों ने स्पष्ट रूप से कहा था कि विजय राजपूत समाज में सक्रिय नहीं है और उसका सिंधी समाज से कोई वास्ता नहीं है।

विजय राजपूत के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड को देखा गया। इसके बाद जिला बदर करने की कार्रवाई के लिए अनुशंसा की गई है।

**आकाश मरकाम**
एएसपी

## भोर में किया नदी-तालाबों में दीपदान पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शहर में बुधवार की अलसुबह लोगों ने भारी संख्या में नदी व तालाबों में पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई और दीपदान किया। साथ ही मंदिरों में पूजा-अर्चना पश्चात पिकनिक स्थलों में परिवार के साथ भारी संख्या में पहुंचकर वनभोज का लुत्फ भी उठाया। इस दौरान शहर के इंदिरा विहार, रोज गार्डन सहित अन्य पर्यटन स्थलों में लोगों की काफी भीड़ देखी गई। दरअसल कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में सुबह से रौनक रही। खासकर इंदिरा विहार, टीपाखोल, बोतल्दा रॉक गार्डन, रामझरना, इक्को पार्क, केलो डेम पार्क के अलावा अन्य पिकनिक स्पॉट के अलावा धार्मिक स्थलों में सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ रही। पिकनिक स्पॉट में जहां लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ भारी संख्या में पहुंचकर खेलकूद, वनभोज का जमकर लुत्फ उठाए तो वहीं कई लोगों को जगह-जगह सेल्फी लेते हुए भी देखा गया। इसके अलावा अलसुबह महिलाओं, बुजुर्गों और श्रद्धालुओं ने नदी घाटो

### उमड़ी भीड़, एक भी पुलिस कर्मी नहीं पहुंचे

केलो नदी खर्राघाट में चार बजे से ही लोग डुबकी लगाने पहुंच गए थे। पांच बजते बजते इस घाट में सैकड़ों की तादात में लोग पहुंच चुके थे। इतनी भीड़ थी कि लोगों को स्नान करने के लिए इंतजार करना पड़ रहा था। खास बात यह है कि इतनी भीड़ के बावजूद यहां एक भी पुलिस कर्मी की तैनाती नहीं की गई थी। भीड़-भाड़ में अनहोनी की आशंका भी रहती है, लेकिन यहां कोई पुलिस कर्मी पहुंचा ही नहीं था। दूसरी ओर इतनी भीड़ होने के बाद भी भारी वाहनों का रेला यहां से गुजर रही थी। इसे लेकर लोगों में आक्रोश भी नजर आ रहा था। दूसरी ओर यहां हर साल भीड़ होती है इसकी जानकारी पुलिस को भी है, इसके बाद भी एक पुलिस जवान की ड्यूटी नहीं लगाना कई तरह के सवाल भी खड़े कर रहा है।

**जिला पंचायत सीईओ ने लिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा**

# रात ड्यूटी में तैनात डॉक्टर और नर्स नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिला पंचायत सीईओ अभिजीत पठारे ने खरसिया ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चपले का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सोमवार को रात करीब 8 बजे किया गया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में गंभीर अनियमितताएं और लापरवाही सामने आई। निरीक्षण के समय ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स श्रीमती आरती नगेसिया एवं डॉ. सीएस डनसेना अस्पताल से अनुपस्थित पाए गए। दोनों के अनुपस्थित रहने पर सीईओ ने नाराजगी व्यक्त की और उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कलेक्टर को प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की अत्यधिक कमी, मरीजों को बेडशीट और कंबल की अनुपलब्धता, तथा मच्छरों से बचाव के लिए कोई समुचित व्यवस्था न होना जैसी गंभीर लापरवाहियां पाई गईं। इसके अतिरिक्त स्टोर, ड्रेसिंग रूम एवं विभिन्न चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था अव्यवस्थित पाई गई। सीईओ ने तत्काल संबंधित प्रभारी को सभी कक्षों की साफ-सफाई कर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अस्पताल परिसर में दो एम्बुलेंस खड़ी मिलीं, किन्तु दोनों वाहनों के चालक अनुपस्थित थे। सीईओ ने इस पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जैसी संवेदनशील सेवा में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी.कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी और अनुशासन का परिचय देना चाहिएए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें।

## खबर संक्षेप

### आश्रम शाला प्रभारी अधीक्षिका सुमित्रा निलंबित

**अंबिकापुर**। बलरामपुर जिले के विकासखण्ड वाड्रफनगर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कन्या आश्रम पशुपतिपुर की प्रभारी अधीक्षिका को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला कन्या आश्रम के कर्मचारियों ने प्रधानपाठक व प्रभारी अधीक्षक श्रीमती सुमित्रा सिंह के द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने संबधी शिकायत की थी। शिकायत की जांच हेतु टीम का गठन किया गया था। समिति की जांच रिपोर्ट में पाया गया कि श्रीमती सुमित्रा द्वारा कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है, जो कि एक शासकीय सेवक के लिए शोभनीय नही है। साथ ही जांच में पाया गया कि सुमित्रा सिंह के द्वारा बच्चों को पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री उपलब्ध नही कराया जाता है। श्रीमती सुमित्रा सिंह द्वारा आश्रम में कार्यरत कर्मचारियों के साथ अमार्यादित एवं अशोभनीय व्यवहार एवं अन्य अधिरोपित आरोपों की प्रथम दृष्टया पुष्टि हुई है तथा अधीक्षिका के प्रभार से भारमुक्त किये जाने बावजूद आश्रम के भण्डार कक्ष में ताला बन्द कर अपने अधिपत्य में रखे जाने के कारण आश्रम के बच्चों को पोषण सहित बुनियादी सुविधाएं कराने में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न होने के कारण श्रीमती सुमित्रा सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने पर उनके द्वारा पत्र लेने इंकार किया जाना प्रमाणित पाया गया है। श्रीमती सुमित्रा सिंह, का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 का स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर ने श्रीमती सुमित्रा सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### नौकरी लगाने के नाम पर 6 लाख की ठगी, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर**। सूरजपुर जिले के प्रतापपुर गाम पोड़ी निवासी 48 वर्षीय राजाराम आ. स्व. शिवलाल रजवार का 4 वर्ष पूर्व शासकीय प्लाट में पेड़ लगाने के दौरान कोरबा के कटघोरा निवासी शंकर लाल रजक से जान पहचान हुई थी। इस दौरान शंकर लाल रजक ने रायपुर में जान पहचान होने के कारण उसके बेटे धर्मजीत की नौकरी हॉस्टल अधीक्षक के पद पर लगाने का झांसा दिया था। नौकरी लगाने के नाम पर शंकर लाल रजक ने 6 लाख रुपए की मांग की थी ऐसे में बेटे की नौकरी लगने की लालसा में राजाराम ने अपने रिश्तेदारों से दुहार में लेकर 9 जुलाई 2022 को पहली बार 2 लाख रुपए शंकर राजवाड़े और रामबेलास राजवाड़े के समक्ष दिया था। इस तरह अलग अलग तीन किश्तों में उसने आरोपी को कुल 6 लाख रुपए दिया था। रुपए लेने के बाद आरोपी ने ज्वाइनिंग लेटर डाक से घर पहुँचने की बात कही थी लेकिन युवक की नौकरी नहीं लगी जिसके बाद उसे ठगी का एहसास हुआ। जब राजाराम ने अपने पैसे मांगे तो वह टालमटोल करता रहा। बाद में दुप्पी सरपंच लक्ष्मी सिंह के माध्यम से उसने 50 हजार रुपए वापस लिया जबकि बाद में शेष रकम के लिए तीन चेक दिया था लेकिन चेक बैंक में बाउंस हो गया। ठगी के मामले में पुलिस ने आरोपी शंकर लाल रजक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म आरोपी युवक गिरफ्तार

**प्रतापपुर**। नगर पंचायत क्षेत्र में एक चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले से नगर में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंच गए और जमकर हंगामा मचाया और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक नगर पंचायत की 4 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ में पड़ोस के रहने वाला युवक ने बच्ची से दुष्कर्म किया जिससे आरोपी के घर जगह-जगह रक्त पाया गया। पुलिस ने बताया कि घटना तब हुई जब बच्ची के पिता प्रतापपुर मार्केट करने बाजार आए हुए थे जबकि स्कूल से आकर बच्ची अपने घर के सामने खेल रही थी। तभी बगल के रहने वाले रोशन टोप्पो आ. रामकिशन (21 वर्ष) ने 4 वर्षीय बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने अपने घर ले गया और अपने रूम में ले जाकर दुष्कर्म किया।

## आदिवासी संस्कृति और महाविद्यालयीन प्रतिभाओं की रही विशेष झलक

# राज्योत्सव समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पारंपरिक आदिवासी नृत्यों से सजी शाम
- सुआ, सरहुल, करमा आदि नृत्यों ने लोगों का मोहा मन

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के 3 दिवसीय जिला स्तरीय समारोह विगत दिवस जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर देर शाम तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

समारोह में आदिवासी लोककला, नृत्य, गीत और प्रेरक नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न विभागों एवं महाविद्यालयों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने जशपुर सहित छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले सांस्कृतिक दल के सदस्यों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय शामिल हुए। विशिष्ट आतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष जशपुर अरविंद भगत , जनपद अध्यक्ष जशपुर गंगाराम भगत, पूर्व विधायक जागेश्वर भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष जशपुर यशप्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डीएफओ शशि कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, एसडीएम विश्वासराव मस्के, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका जशपुर राजेश गुप्ता, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी सहित भारी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के राज्य निर्माण में योगदान को नमन करते हुए कहा कि कुमार साहब ने भी राज्य निर्माण के लिए महत्वपूर्व पहल की थी। उन्होंने कहा कि अविभाजित मध्यप्रदेश से अलग होकर बने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में जशपुर जिले का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की दूरदृष्टि और नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ, जिससे इस अंचल के विकास को नई दिशा मिली। उन्होंने स्मरण किया कि उस समय जशपुर जिला शिक्षा और संस्कार का केंद्र था, जहां साक्षरता दर सर्वाधिक थी। उन्होंने कहा कि आज जशपुर जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिले में मेडिकल कॉलेज, हॉर्टीकल्चर कॉलेज, उद्यानिकी कॉलेज की स्थापना से युवाओं को स्थानीय स्तर पर शिक्षा के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं में भी तेजी से विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि फरसाबहार में सत्य साईं सत्संग ट्रस्ट अस्पताल खुलने जा रहा है, जो लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देगा। कृषि क्षेत्र में नाशपाती, महुआ जैसे उत्पादों को नई पहचान मिली है। महुआ अब केवल शराब का प्रतीक नहीं, बल्कि व्यंजनों और आर्थिक सशक्तिकरण का साधन बन गया है। उन्होंने कहा कि मधेश्वर पहाड़ जैसे धार्मिक स्थल जिले को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित कर रहे हैं। जशपुर आज हर क्षेत्र में विकास की गाथा लिख रहा है।







### आदिवासी विकास विभाग की प्रस्तुतियों से गूंजा मंच

राज्योत्सव समापन समारोह की शुरुआत आदिवासी विकास विभाग के दलों की पारंपरिक प्रस्तुतियों से हुई। नटकेला, कुनकुरी, मनोरा, बगीचा, जशपुर और ईचकेला के जनजाति कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सुआ, करमा, सरहुल आदि लोकनृत्य और लोकगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। ईचकेला दल द्वारा प्रस्तुत लोकगीत ने वातावरण में लोकसंस्कृति की सुगंध घोल दी, वहीं मनोरा और बगीचा के कलाकारों की तालबद्ध नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों से खूब सराहना पाई।

### स्वास्थ्य विभाग का नाटक रहा आकर्षण का केंद्र

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्तुत सामाजिक संदेश से भरपूर नाटक ने लोगों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति और संवादों ने दर्शकों को गहराई तक प्रभावित किया। नाटक के माध्यम से 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ में सुदृढ़ हुई स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में बताया गया।

### संस्कृति और परंपरा का हुआ संगम

कार्यक्रम में कोमल जैन द्वारा स्वरचित छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति के रूप में भीम सुमन लोक कला मंच जशपुर के सदस्यों द्वारा जशपुर की मिट्टी की महिमा का गुणगान किया गया। सुंदर लोकगीतों के माध्यम से जशपुर की परंपरा और संस्कृति तथा यहां मौजूद मधेश्वर पहाड़, खुड़िया रानी, देशदेखा, कैलाश गुफा एवं अन्य पर्यटन स्थलों का वर्णन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दर्शक पारंपरिक गीत-संगीत की धुनों पर झूमते नजर आए। मंच पर विविधता से भरे प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि जशपुर जिला न केवल प्राकृतिक सौंदर्य में समृद्ध है बल्कि अपनी सांस्कृतिक धरोहर में भी अनुपम है।

### महाविद्यालयीन छात्राओं की प्रस्तुतियों में झलकी युवा ऊर्जा

जिला स्तरीय राज्योत्सव के अंतिम दिन विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। शासकीय राभराएनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर नगर के विद्यार्थियों ने सुवा, कर्मा, सरहुल और छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय, जशपुर नगर तथा शासकीय बाला साहब देशपांडे महाविद्यालय, कुनकुरी के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किए।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया अवलोकन जशपुर पुलिस की रचनात्मक पहल की सराहना

छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर नया रायपुर में आयोजित भव्य राज्योत्सव में पुलिस विभाग की नाट्य प्रस्तुति "दंड से न्याय की ओर"इन दिनों दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।नए आपराधिक कानूनों पर आधारित यह नाटक पुलिस विभाग की रचनात्मक पहल है, जिसमें कानून की जटिल प्रक्रियाओं को सरल और जीवंत रूप में मंच पर उतारा गया है।राज्योत्सव के पुलिस पंडाल में प्रतिदिन प्रस्तुत किया जा रहा यह नाटक अपने सारगर्भित संवादों और यथार्थपूर्ण अभिनय से दर्शकों का मन मोह रहा है।

### मुख्यमंत्री ने की प्रशंसा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वयं इस नाट्य प्रस्तुति का अवलोकन किया और इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की प्रस्तुतियाँ न केवल जनजागरण का सशक्त माध्यम बनती हैं, बल्कि नागरिकों को नए कानूनों की जानकारी सरल, सहज और मनोरंजक ढंग से प्रदान करती हैं।नाटक का निर्देशन एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह ने किया है, जबकि सहायक निर्देशन का दायित्व प्रसिद्ध नाट्यकर्मी डॉ. आनंद पाण्डेय ने संभाला।

### कानून की नई सोच 'दंड' नहीं, 'न्याय' की ओर

पुलिस मुख्यालय की सीआईडी शाखा द्वारा तैयार यह नाटक पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम की परिकल्पना और आईजी श्री ध्रुव गुप्ता के मार्गदर्शन में साकार हुआ है। यह नाटक भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर आधारित है जिनके माध्यम से न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, तकनीकी और न्यायोन्मुख बनाने की दिशा में नया अध्याय जुड़ा है।

# गौस-उल-वरा कॉन्फ्रेंस में जुटेंगे देश-विदेश के उलेमा-ए-कराम

**राउरकेला**। इस्पात नगरी राउरकेला शुक्रवार को एक ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। जमीअतुल कुरैश की ओर से आयोजित गौस.उल.वरा कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के नामचीन उलेमा.ए.कराम की शिरकत होगी। बताया गया है कि यह अब तक का प्रदेश का सबसे भव्य व बड़ा इस्लामी जलसा होगा।

इस कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि के रूप में लंदन से हाशिम अब्दुल कादिर मंसूर जिलानी तशरीफ ला रहे हैं, जो पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के संदेश पर तकरीर करेंगे। वे अरबी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में संबोधित करेंगे, जिसके लिए विशेष अनुवाद व्यवस्था की गई है। इनके आलावा देश व विदेश के कई नामचीन उलेमा शिरकत कर रहे हैं। बुधवार को महताब रोड के जलसा स्थल पर आयोजित प्रेस वार्ता में हजरत सय्यद मोहसिन मियां सोहरवर्दी ने बताया कि यह सम्मेलन केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में अमनए भाईचारा और इंसानियत का संदेश फैलाने का माध्यम साबित होगा। उन्होंने कहा कि हजरत हाशिम अब्दुल कादिर मंसूर जिलानी युवाओं को इस्लाम की राह पर चलने, नशाखोरी व सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और स्वच्छता के इस्लामी दृष्टिकोण को समझने का संदेश देंगे। हाफिज सनाउल मुस्तफा कादरी ने बताया कि हजरत को सुनने के लिए विभिन्न राज्यों से लगभग 20 हजार अकीदतमंदों के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम में राजस्थान से काज़ी.ए.शहर मुफ्ती अशरफ जिलानी अजहरी, गुजरात से सय्यद जामी अशरफ, मुंबई से मोहम्मद रज़ा नूरी, लखनऊ से गौसनुल कादरी, हैदराबाद से सय्यद नेमातुल्लाह हुसैनी, कर्नाटक से मौलाना गुलाम जाफर, अमरावती से मुफ्ती शाहनवाज अली तथा झारखंड से गुलाम मुर्तजा भी तशरीफ ला रहे हैं। कार्यक्रम शुक्रवार रात 8 बजे से सुबह 4 बजे तक चलेगा। अनुमानित भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात की व्यापक व्यवस्था की है।

### पश्चिम बंगाल से काम करने आए युवक की मैनपाट में हत्या

**अम्बिकापुर**। सरगुजा के मैनपाट में युवक की हत्या का मामला सामने आया है। क्षेत्र के कुदारीडीह बस्ती के समीप युवक का शव रक्तरंजित हालत में मिला है। मृतक पश्चिम बंगाल से आकर मैनपाट के एक रिसॉर्ट में सेंट्रिंग का काम कर रहा था। इस घटना के बाद से मृतक का एक साथी भी फरार है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि युवक ने ही अपने साथी की हत्या की है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह स्थानीय लोगों ने कुदारीडीह बस्ती के समीप पत्थरों के समीप एक युवक का खून से सना हुआ शव मिला। ग्रामीणों ने गांव में शव मिलने की घटना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद कमेलश्वरपुर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान शुरू की गई।

# श्रद्धा से मना श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाशोत्सव

**राउरकेला**। शहर के रेलवे स्टेशन के समीप स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिख धर्म के संस्थापक एवं एकेश्वरवाद के महान प्रवर्तक गुरु नानक देव जी महाराज का 556वां प्रकाशोत्सव अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ाए जहा दिनभर भजन.कीर्तन, गुरुवाणी प्रवचन और लंगर सेवा का आयोजन हुआ। लगभग 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लंगर में शामिल होकर गुरुप्रसाद का सेवन किया। गुरुद्वारा परिसर को आकर्षक फूलों, विद्युत लाइटों और सुंदर तोरणद्वारों से सजाया गया था। कार्यक्रम में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अमृतसर से आए भाई मनदीप सिंह जत्थाए भाई बूटा सिंह चंडीगढ़ और भाई बलविंदर सिंह ने मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। उनके भजनों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम में राउरकेला की महिला सतसंगत, समूह संगत कमेटियों, और शहर के प्रमुख गुरुद्वारों गुरु अर्जुन देवजी, गुरु तेग बहादुर साहिब, इस्पात गुरुद्वारा.18 और दुःख निवारण साहिब की प्रबंधन समितियों ने पूर्ण सहयोग दिया। गुरुनानक खालसा हाईस्कूल और गुरुनानक पब्लिक स्कूल के शिक्षक व बच्चों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन प्रधानए जनरल सेक्रेटरीऔर विद्यालय सचिव के नेतृत्व में किया गया। व्यवस्था में आयोजन समिति सहित अनेक सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की सफलता में स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा। गुरुद्वारा प्रांगण में गूंज रही एक ओंकार सतनाम की वाणी ने गुरु नानक देव जी के संदेश प्रेम, समानता और भाईचारे को जीवंत कर दिया।

# प्रियवंदा ने नीतिन नबीन के पक्ष में किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव ने बिहार में चल रहे विधानसभा चुनाव में पटना के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में सघन चुनाव प्रचार किया। इस दौरान वे भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंची। यहां पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया और उनके दादा बसंत नारायण सिंह का जनसंघ के जमाने में किये गए योगदान को याद किया।

उल्लेखनिय है कि बांकीपुर विधानसभा सीट से बिहार के नीतिश कुमार मंत्रीमंडल के लोक निर्माण विभाग के मंत्री नीतिन नबीन चुनावी मैदान में हैं। नीतिन नबीन छत्तीसगढ़ के भाजपा के संगठन प्रभारी है। उनका जशपुर के राज परिवार से घनिष्ठ संबंध रहा है। चुनाव के दौरान नीतिन नबीन के समर्थन में प्रियवंदा सिंह ने महिला मोर्चा के साथ मिल कर कमान सम्हाला। उन्होनें विधानसभा क्षेत्र के गली-मुहल्लों में घर और बाजार में संपर्क कर मतदाताओं को बीते 20 साल के दौरान बिहार में एनडीए सरकार द्वारा किये गए विकास कार्यो और केंद्र सरकार द्वारा किये जा रहे कामों की जानकारी दे कर वोट देने की अपील की। उन्होनें कहा कि एनडीए सरकार के मुखिया नीतिश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने बिहार को लालू यादव के जंगल राज से मुक्ति दिलाई। इसी बिहार में महिलाओं के साथ होने वाले अपराध,सामूहिक नरसंहार, लूट, डकैती एक समय पूरे देश में बिहार की पहचान बन गई थी। अब उसी बिहार को लोग नितिश कुमार के सुशासन और सख्त कानून व्यवस्था के रूप में जानते व पहचानते हैं। उन्होनें कहा कि एनडीए ने अपनी घोषणा में पत्र में विकास के साथ युवाओं को रोजगार देने का वायदा किया है। यह आने वाले दिनों में नए बिहार के विकास की नई इबारत साबित होगी।

### प्रदेश कार्यालय में हुआ स्वागत

प्रचार अभियान के बाद प्रियवंदा सिंह जूदेव पटना में स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पहुंची। यहां उन्होनें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े,केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार लाली ने प्रियवंदा सिंह जूदेव के दादा बसंत नारायण सिंह के अविभाजीत बिहार में जनसंघ और भाजपा में किये गए कार्यो को याद किया। उन्होनें बताया कि दिवंगत बसंत नारायण सिंह 1975 में जनसंघ के प्रदेश अध्यक्ष थे। उनकी छाया चित्र अब भी प्रदेश अध्यक्ष के कक्ष में लगी हुई है। वहीं केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने प्रियावंदा सिंह जूदेव के ससुर पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप सिंह जूदेव के साथ अपने संबंधों को याद किया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने नदी में किया दीपदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बुधवार को लोगों ने दीपदान किया। वहीं दिन भर पर्यटन स्थलों पर वन भोज व भ्रमण का लोगों ने खूब लुफ्त उठाया। हिंदू धर्मावलंबियों में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दीप दान को विशेष महत्व का माना जाता है। श्रद्घालुओं ने बुधवार तड़के सुर्योदय पूर्व जलाशयों में स्नान कर दीप दान करते देखे गए।

जिले भर में कार्तिक पूर्णिमा को लेकर उत्साह देखा गया। वहीं बुधवार को लोग वन विहार एवं वनभोज में व्यस्त रहे। पिकनिक स्पाटों, पर्यटन स्थलों में दिन भर अपने परिवार दोस्तों के साथ लोग पिकनिक का मजा लेते रहे। धार्मिक महत्व के पिकनिक स्थलों पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। पं मनोज रमाकांत मिश्र ने बताया कि इस दिन दीपदान का विशेष महत्व होता है और भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। वहीं जिले में इस दिन पर पिकनिक की विशेष पंरपरा है। वहीं एक दजर्न से अधिक स्थानों पर मेले का आयोजन किया गया। कार्तिक पूर्णिमा पर सुबह से ही बच्चे, युवा, महिलाएं सभी परिवार दोस्तों सहित पिकनिक के लिए पर्यटन स्थलों की ओर कूच करने लगे थे। दोपहर तक शहर की सड़कों पर और दिनों की तुलना में चहल-पहल कम हो गई थी। व्यवसायिक प्रतिष्ठानें खुली रहीं पर दुकानों में ग्राहकों की संख्या कम रही। शहर की पूरी रौनक पर्यटन स्थलों पर सिमट गई थी। दोपहर होते-होते शहर के आसपास स्थित पर्यटन स्थल लोगों की भीड़ से भर गई थी।

## जशपुर जम्बूरी 2025' का शुभारंभ पारम्परिक होमस्टे, दोना-पत्तल और जनजातीय रंग बना आकर्षण का केंद्र

# जशपुर की वादियों में झूमेगा रोमांच, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम

**जशपुरनगर**। हरी-भरी वादियां, झरनों की कल-कल और जनजातीय संस्कृति की सुगंध से महक उठा है जशपुर। यहां के हर मोड़ पर आज रोमांच है, उत्सव है और परंपरा की झंकार है। छत्तीसगढ़ के उत्तर अंचल की इस प्राकृतिक धरती पर आज से शुरू हुआ 'जशपुर जम्बूरी 2025' एक ऐसा पर्व जहां पहाड़ बोलते हैं, परंपराएँ गाती हैं और संस्कृति अपने पूरे वैभव के साथ झूम उठती है।

### चार दिन तक जशपुर की वादियां बनेंगी रोमांच

लोककला और आत्मगौरव का संगम स्थल, जहां आधुनिक पर्यटन और जनजातीय आत्मा का अनोखा मेल देखने को मिलेगा,साथ ही युवाओं को मिलेगा रोमांचजह वे अपनी हुनर का धर देंगे।जिला प्रशासन ने आयोजन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं।



पारम्परिक होमस्टे बने मेहमाननवाज़ी का प्रतीकः इस वर्ष 'जशपुर जम्बूरी'का सबसे बड़ा आकर्षण हैं पारम्परिक होमस्टे, जिन्हें ग्रामीणों और कारीगरों ने जशपुर की परंपरागत शैली में तैयार किया है। कुल आठ मडहाउस (होमस्टे) बनाए गए हैं, जिनकी दीवारें मिट्टी से पुती हैं, खपरैल की छतें हैं और आंगन में तुलसी चौरा सजा है। भीतर बांस, लकड़ी और मिट्टी के बर्तन सजे हैं जो जशपुर की लोक-संस्कृति का जीवंत अनुभव कराते हैं। हर होमस्टे में स्थानीय परिवार स्वयं मेजबानी कर रहा है, ताकि पर्यटकों को "घर से दूर घर" का अनुभव मिल सके। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पर्यटन नहीं, बल्कि जशपुर की आत्मा उसकी सादगी, उसकी परंपरा और उसकी आतिथ्य भावना को जीवित रखना है। पारम्परिक होमस्टे इसी भावना के प्रतीक हैं।"

### दोना-पत्तल में परोसे जाएंगे स्थानीय स्वाद

महोत्सव की भोजन व्यवस्था भी पूरी तरह पारम्परिक और पर्यावरण हितैषी रखी गई है। मेहमानों को भोजन दोना-पत्तल में परोसा जाएगा ताकि प्लास्टिक का उपयोग न हो और पर्यावरण की रक्षा भी हो। स्थानीय व्यंजन अपनी देसी खुशबू और सादगी से हर स्वाद को खास बना देंगे। भोजन के दौरान लोकधुनों की पृष्ठभूमि में बैठकर मेहमान 'जशपुर की मिट्टी'का असली स्वाद चखेंगे।

# संभाग स्तरीय सरस मेला 2025 में महिला सशक्तिकरण की दिखेगी झलक



**जशपुरनगर**। जिला प्रशासन जशपुर एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के संयुक्त तत्वावधान में संभाग स्तरीय सरस मेला – 2025 का आयोजन जशपुर में किया जाएगा। इसका आयोजन 06 से 09 नवम्बर 2025 तक विकासखण्ड कुनकुरी के ग्राम मयाली में किया जाएगा। यह मेला आत्मनिर्भर ग्रामीण महिलाओं के हुनर, कौशल एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मेला में जशपुर सहित सरगुजा संभाग के समस्त जिलों सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया एवं मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी -भरतपुर से 03 से 05 स्व-सहायता समूह सदस्य शामिल होंगे। लगभग 20 से 30 स्टॉलों के माध्यम से समूहों द्वारा स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, वनोपज आधारित वस्तुएँ तथा पारंपरिक कलाकृतियों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। साथ ही, लोकसंस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम मेला की शोभा बढ़ाएँगे। यह मेला ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने के साथ ही जशपुर जिले की समृद्ध परंपरा, लोककला एवं उद्यमशीलता को एक मंच प्रदान करेगा।




# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

**मंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

## लाइफ Style



# यामी

## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कॅरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाईं हैं।*

अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉर्ड्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।

## हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।




# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं


**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।



# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

**मुंबई।** बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

## टीवी मसाला



# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'सप्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं, यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। सप्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को सप्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।

## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है।



दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली




**मुंबई।** आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है,'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।

# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होंगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*



**मुंबई।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

***नई दिल्ली।** वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



### जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

### जिसने बदलाव की नींव रखी



मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मज़बूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को ज़िंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।

## खबर संक्षेप

### लालजीत बने राष्ट्रीय कांग्रेस आदिवासी में सलाहकार सदस्य



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया को आदिवासी कांग्रेस सलाहकार समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। विधायक श्री राठिया ने कहा सभी से मिलकर आदिवासी समाज के अधिकार सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### कुकुर्दा के ग्रामीणों ने की वित्त मंत्री से मुलाकात



**रायगढ़।** रायगढ़ प्रवास के दौरान लोईंग मंडल के ग्राम कुकुर्दा में ग्रामवासियों से वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आत्मीयता से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी बातें सुनी। भाजपा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और नित नए स्वीकृत विकास कार्यों के चलते प्रत्येक गांव में उन्नयन की गति लगातार तेज हो रही है। हमारी सरकार का संकल्प है कि हर गांव में विकास कार्य बिना रुकावट जारी रहे और जनता की प्रत्येक जरूरत पूरी हो।

### पटेलपाली में कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ

**पुसौर।** पटेलपाली में नायक परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन हो रहा है। शनिवार की शाम यहाँ भव्य कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय भागवत कथा प्रारंभ हुआ। विद्वान पंडितों के मंत्रोउच्चारण के बीच पवित्र जल कलश स्थापना हुआ। इसके पश्चात जैमुरा से पधारे कथावाचक पंडित गांधी महाराज ने भागवत कथा महात्म्य के संबंध में कथा के माध्यम से बताया। व्यासपीठ पर विराजमान महाराज ने वहां उपस्थित श्रोता भक्तों को बताया कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के समस्त कष्ट व दुःख .दरिद्रता दूर होते है। अतःमनुष्य को भागवत कथा का श्रवण अवश्य रूप से करना चाहिए। कथा के साथ साथ महाराज के साथ आए कलाकारों के प्रस्तुत सुमधुर भजनों को सुनकर श्रोता भक्त मन्त्रमुग्ध हुए और पूरे कार्यक्रम का आनंद उठाया। ज्ञात रहे कि ग्राम पटेलपाली में प्रतिष्ठित हरिशंकर सुलोचना नायक व उमाशंकर नायक लक्ष्मी नायक, राकेश प्रेमा नायक, नायक परिवार द्वारा 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन गांव में किया जा रहा है।

### अमेरिका के मेयर का राउरकेला से संबंध

**राउरकेला।** इस्पात नगरी राउरकेला की धरती से जुड़ी एक गौरवशाली खबर ने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक राउरकेला में जन्मी मीरा नायर के पुत्र ज़ोहरान ममदानी ने इतिहास रचते हुए न्यूयॉर्क सिटी के सबसे युवा और पहले भारतीय.अमेरिकी मेयर का पद संभाला है। ज़ोहरान की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल भारतीय प्रवासी समुदाय को बल्कि ओड़िशा के लोगों को भी गहरी खुशी और गर्व से भर दिया है। राउरकेला में खुशी की लहर है, क्योंकि ज़ोहरान की जड़ें इसी शहर से जुड़ी हैं। मीरा नायर, जिनका जन्म 1957 में राउरकेला में हुआ था, भारतीय सिनेमा की विश्व प्रसिद्ध फिल्मकार हैं। उनके पिता अमृत लाल नायर 1949 बैच के ओडिशा कैडर के आईएएस अधिकारी थे, जिन्होंने तालचेर में सब कलेक्टर और सुंदरगढ़ में कलेक्टर के रूप में कार्य किया था। यही वह पृष्ठभूमि है, जिसने मीरा नायर के व्यक्तित्व और उनके बेटे ज़ोहरान ममदानी की जड़ों को राउरकेला से जोड़ा। ज़ोहरान की सफलता भारतीय मूल के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। वे पहले न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य रह चुके हैं और सामाजिक न्याय, शिक्षा व आवास सुधार के मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं। राउरकेला से न्यूयॉर्क सिटी हॉल तक की यह यात्रा न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक पहचान और ओडिशा की मिट्टी की गौरवशाली विरासत का प्रमाण भी है।

## तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का समापन

# छत्तीसगढ़ सर्वांगीण प्रगति की दिशा में हो रहा तेजी से अग्रसर : सांसद





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025 का आज समापन हुआ। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यहां लगाए गए स्टालों में प्रदर्शित स्वदेशी उत्पाद देश की आत्मनिर्भरता की मिसाल हैं। सभी लोग स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें। उन्होंनें कहा कि आज का दिन हम सबके लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। विगत तीन दिनों से हम छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का आनंद ले रहे हैं। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 1 नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना कर एक सपना साकार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने तेजी से प्रगति के मार्ग पर कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अब लाल आतंक से मुक्त होकर विकास, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### लोक कलाकारों और विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने मोहा मन



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती के उपलक्ष्य में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित स्तरीय राज्योत्सव का समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस सांस्कृतिक महोत्सव ने जिलेवासियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, नृत्य, संगीत और परंपराओं से रूबरू कराया। कार्यक्रम के अंतिम दिन स्थानीय लोक कलाकारों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। शुरुआत ओपी जिंदल स्कूल, तराईमाल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य से हुई जिसने पूरे स्टेडियम में प्रदेश की पारंपरिक लोक धुनों की गूंज भर दी। इसके पश्चात अश्वी शर्मा और कृष्णिका की शास्त्रीय कथक नृत्य प्रस्तुति ने मंच को गरिमा और सौंदर्य से भर दिया। कार्मेल कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य की झलकियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया, वहीं सेजेस कोतरा के विद्यार्थियों ने नारी सशक्तिकरण पर आधारित सशक्त नृत्य के माध्यम से समाज को संवेदना और जागरूकता का संदेश दिया। साधुराम विद्या मंदिर के बच्चों ने असम की पारंपरिक छटा लिए बिहू नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। वहीं रायगढ़ के राकेश शर्मा निशा शर्मा एवं ग्रुप ने गजल और गीतों की ऐसी मनमोहक प्रस्तुति दी कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।

### शिक्षा विभाग के स्टॉल को मिला बेस्ट अवार्ड

जिले के विभिन्न विभागों को उनके उत्कृष्ट कार्य नवाचार और सृजनात्मक प्रदर्शनी के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर सांसद ने राज्योत्सव में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों को सम्मानित किया। कबाड़ से जुगाड़ की थीम पर विज्ञान से प्रगति का अनूठा प्रदर्शन करने के लिए शिक्षा विभाग को बेस्ट अवॉर्ड से नवाजा गया। इस अवसर पर उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बेस्ट वर्किंग मॉडल के लिए जल संसाधन विभाग को केलो डेम से सिंचाई मॉडल के लिए, क्रेडा विभाग को सोलर ड्यूल पंप परियोजना के लिए तथा विद्युत विभाग को पीएम सूर्यघर बिजली योजना के बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। नवाचार श्रेणी में पंजीयन विभाग को सम्मानित किया गया।



# कार्तिक पूर्णिमा पर छाया बोइत बंधन उत्सव का रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगांगपुर

■ राजगांगपुर में आस्था व परंपरा का संगम

कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार तड़के से ही राजगांगपुर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। पारंपरिक बोइत बंधन उत्सव इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया। ओडिशा की प्राचीन समुद्री विरासत से जुड़ा यह उत्सव जन.जन की आस्था का प्रतीक है, जिसमें लोग परंपरागत नौकाएं बनाकर पूजा.अर्चना के बाद उन्हें तालाब, नदी और जलाशयों में प्रवाहित करते हैं।

मान्यता है कि प्राचीन काल में ओडिया व्यापारी कार्तिक पूर्णिमा के दिन समुद्री मार्ग से बाली, सुमात्रा, जावा और इंडोनेशिया तक व्यापार यात्रा पर निकलते थे। उसी गौरवशाली परंपरा को स्मरण करने के लिए आज भी यह उत्सव मनाया जाता है। बुधवार सुबह तीन बजे से ही बाबा तालाब घाट पर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर दीपदान और नौका प्रवाह कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। केला के तने, कागज और थर्माकोल से बनी सजीव नौकाओं ने घाट का दृश्य मनमोहक बना दिया। इस दौरान घाट पर रंग.बिरंगी आतिशबाजी ने उत्सव का आकर्षण और बढ़ा दिया। शहर के प्रमुख मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रम का आयोजन गांगपुर सांस्कृतिक परिषद की ओर से किया गया। परिषद के सदस्यों ने पहाड़ी मंदिर से सुसज्जित नाव को वाहन पर विराजमान कर जुलूस के रूप में बाबा तालाब तक पहुंचाया और विधिवत पूजा.अर्चना कर नाव को जल में प्रवाहित किया।

# राज्योत्सव में एनटीपीसी लारा रामानुजम श्रम यशस्वी पुरस्कार से सम्मानित



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव रजत जयंती समारोह में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए रामानुजम श्रम यशस्वी पुरस्कार 2025 पुरस्कार से नवाजा गया।

यह पुरस्कार उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ रेमन डेका जी,मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , विधानसभा अध्यक्ष,डॉ रमन सिंह तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में एनटीपीसी लारा की कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव। अलंकरण समारोह में प्रदान किया गया। यहां यह बताना उचित होगा यह सम्मान पूरे छत्तीसगढ़ की सभी उद्योगों में से जिस उद्योगों में बीते 3 सालों में किसीभी दुर्घटना घटित न हुआ हो और श्रमिकों को सभी प्रकार के सुविधा तथा उनका कल्याण सुनिश्चित करते है। छत्तीसगढ़ का यह प्रतिष्ठित पुरस्कार से यह प्रमाणित होता है कि एनटीपीसी लारा की औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा श्रमिक कल्याण नीतियो राज्य में श्रेष्ठ है।

### शहर में मनेगी वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ

**राउरकेला।** भारतीय जनता पार्टी राउरकेला संगठनात्मक जिला की ओर से वंदे मातरम राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारियों को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला सभानेत्री ने की। बैठक में बताया गया कि पूरे देश में इस ऐतिहासिक अवसर पर 150 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें ओडिशा के पाँच स्थान शामिल हैं। राउरकेला को भी इनमें से एक स्थल के रूप में चुना गया है। राउरकेला में यह कार्यक्रम आगामी 7 नवम्बर को प्रातः 10ः 30 बजे, अंबागान चौक स्थित गुंडीचा मंदिर चौक पर आयोजित होगा। इस अवसर पर केवल भारत माता की तस्वीर और राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज रखा जाएगा।

# राउरकेला में पुरानी रंजिश पर फायरिंग की कोशिश, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



प्लांटसाइट थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग की कोशिश करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सोमवार रात लगभग 10.50 बजे की है जब रिमझिम बस्ती, रेलवे कॉलोनी निवासी लबकुश शर्मा 20 पिता अर्जुन शर्मा के घर के सामने दो युवक पहुंचे।

दोनों आरोपियों राजेश साहनी उर्फ ननकी 22 निवासी गुआला खटाल, थाना उदित नगर और धीरज कुमार चौधरी 27 निवासी बसंती कॉलोनी डीएवी बस्ती थाना उदित नगर ने शिकायतकर्ता पर हमला किया और उसे जान से मारने की नीयत से देशी पिस्तौल दिखाकर धमकाया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्लांटसाइट थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2),115,(2)109(1)351(2)3,5 तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27 के अंतर्गत मामला दर्ज किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी सिंगल शॉट पिस्तौल और एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल ओडी 14 एजी 4080 जब्त की है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत डोर-टू- डोर फॉर्म का वितरण प्रारंभ



**रायगढ़।** जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई है। आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में डोर-टू-डोर एन्यूमेरेशन फॉर्म गणना पत्रक का वितरण बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा शुरू कर दिया गया है।

4 नवम्बर से जिले के रायगढ़, धरमजयगढ़, खरसिया और लैलूंगा विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से एन्यूमेरेशन फॉर्म भरवा रहे हैं। यह अभियान 4 दिसम्बर तक चलेगा। प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियों में गणना पत्रक उपलब्ध कराया जा रहा है । जिसमें एक प्रति मतदाता के पास तथा दूसरी प्रति बूथ लेवल अधिकारी के पास सुरक्षित रखी जाएगी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची में प्रत्येक मतदाता का नाम पता एवं अन्य विवरणों को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के 1097 मतदान केन्द्रों में यह कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस कार्य के लिए कुल 4 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 21 सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 1097 बूथ लेवल अधिकारी एवं 109 बीएलओ सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं।

### आदिवासी युवाओं की छिपी प्रतिभा को मिला मंच

**राउरकेला।** धरती आबा एवं आदिवासी समुदाय के महानायक शहीद बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवंबर को देशभर में भव्य रूप से मनाई जाएगी। इसी अवसर पर रघुनाथपल्ली विधायक दुर्गा चरण तांती के संरक्षण में सुंदरगढ़ जिले के आदिवासी समुदाय द्वारा इस्पात नगर के सेक्टर.13 स्थित मेलेन पाड़िया में एक विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी के तहत मंगलवार को स्थानीय राउरकेला क्लब परिसर में आदिवासी युवक.युवतियों की प्रतिभा चयन के लिए एक आकर्षक रैंप शो आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लानाए उन्हें आधुनिक कौशल से परिचित कराना तथा मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम का उद्घाटन रघुनाथपाली विधायक की धर्मपत्नी सुचित्रा तांती ने किया। निर्णायक मंडल में कई गणमान्य शामिल रहीं।

## मांगों को लेकर शिक्षक संघों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

अधिकारी कर्मचारियों ने देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं 2017 से लम्बित डीएडीआर की एरियर्स राशि के भुगतान की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के समस्त कर्मचारी-अधिकारी संगठनों की ओर से एक मंच.एक मांग के तहत छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संघ जिला इकाई सारंगढ़-बिलाईगढ़ ने हस्ताक्षर अभियान चलाया । संघ के बैनर तले प्रांतीय सचिव नरेन्द्र साहू एवं जिलाध्यक्ष कामता साहू के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर जिला. सारंगढ़ बिलाईगढ़ को मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के नाम से ज्ञापन सौंपा एवं अतिरिक्त कलेक्टर एसके टण्डन से सौजन्य मुलाकात की।

प्रतिनिधि मंडल ने डीईओ से भी मुलाकात किया और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र रॉय, ब्लॉक इकाई बिलाईगढ़ सचिव दरसराम राजेत्री सहित बड़ी संख्या में शिक्षक गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## बैकुण्ठ चतुर्दशी पर क्षेत्र में पूजा पाठ और भोज का आयोजन

**पुसौर।** कार्तिक माह के पुण्य दिवस बैकुण्ठ चतुर्दशी पर पुसौर के धार्मिक संगठनों सहित आस पड़ोस के लोग सामुहिक रूप से भगवान विष्णु एवं भगवान शंकर, देवी तुलसी सहित अपने अन्य आराध्य का पूजा पाठ कर स्तुति, आरती कर भोजन प्रसाद प्राप्त कर इस पर्व को अति हर्षोल्लास से मनाते हैं। मुख्यालय पुसौर के 15 वार्डो में 30 से अधिक ऐसे समूहों ने सार्वजनिक स्थलों में इसका निर्वाह किया। पुसौर के अभिनव विद्या मंदिर स्कूल में यहां के शिक्षिकाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ मधुर गीत के साथ तुलसी देवी की परिक्रमा की और अपनी गायकी भी प्रस्तुत किए।

हरिभूमि नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की लैलुंगा, कुडसिया, राजपुर, बरौद, कुडुमकेला, गोड़म, हरदी, कुडेकेला, हुकराडीपा में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के पास, केलो विहार रायगढ़
मो. 7000789166, 9301844932

# संस्कार स्कूल को मिला मुंबई में इंडियन टैलेंट अवार्ड



**रायगढ़।** शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल को मुंबई के विष्णुदास भावे नाट्य शाला में हुए आईटीओ सम्मान समारोह में देश की प्रथम महिला आईपीएस किरण बेदी एवं ऑलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट साइना नेहवाल के हाथो से सम्मान प्राप्त हुआ।

संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि देशभर के 100 से अधिक स्कूलों के प्राचार्य व डायरेक्टर मुंबई पहुंचे थे। जहां सभी का सम्मान किया गया। इसके अलावा रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि संस्कार स्कूल की ओर से प्राचार्या रश्मि शर्मा के साथ.साथ संस्कार स्कूल के ही शिक्षक सुबोध कुमार पांडे को भी टीचर्स आवार्ड से सम्मानित किया गया। मार्ग दर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, कैरियर निर्माण के लिए दिशा दिखाने, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम करवाने, ओलंपियाड में भागीदारी करवाने आदि के लिए संस्कार स्कूल की प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा को बेस्ट प्रिंसिपल का अवार्ड दिया गया। साथ ही साथ शिक्षक के रूप में बेहतर कार्य करने के लिए संस्कार स्कूल के शिक्षक सुबोध पांडे को भी पुरस्कार से नवाजा गया। प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने बातचीत करने पर बताया कि संस्कार पब्लिक स्कूल को आगे बढ़ाने में बच्चों में व्यक्तित्व विकास करने में बेहतर रिजल्ट लाने में खेलकूद व अन्य गतिविधियों में पूरे जिले में अव्वल रहने में आदि के लिए हमारे मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा के विजन तथा मार्गदर्शन का अहम रोल है।

